आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 21.05.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- 16वें केंद्रीय वित्त आयोग की टीम ने नैनीताल जिले के ग्राम चाफी और अलचौना का भ्रमण किया। किसानों व जनप्रतिनिधियों से सुझाव लिए।
- प्रदेश के मदरसों में पढ़ाया जाएगा 'ऑपरेशन सिंदूर' का पराक्रम।
- पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ ने कहा– राज्य की महिला पुलिस अधिकारियों को महत्वपूर्ण इकाइयों में सक्रिय भूमिका दी जाएगी।
- यूसीसी के तहत पंजीकरण के लिए देहरादून के डोईवाला और हरबर्टपुर नगर पालिका क्षेत्रों के सभी वार्डों में विशेष पंजीकरण शिविरों का आयोजन।

**केंद्रीय वित्त आयोग नैनीताल**

16वें केंद्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोग की टीम ने नैनीताल जिले के भीमताल विकासखंड के ग्राम चाफी और अलचौना का भ्रमण कर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व विकास संबंधी चुनौतियों का अवलोकन किया। साथ ही ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और संगठनों से संवाद कर सुझाव लिए। चाफी में टीम ने मुख्यमंत्री एकीकृत बागवानी विकास योजना के अंतर्गत पॉली हाउस नर्सरी का निरीक्षण किया, जहां लिलियम प्रजाति के लंबे समय तक सुरक्षित रहने वाले फूलों के आयात–निर्यात की जानकारी ली गई। डॉ. पनगढ़िया ने पर्वतीय क्षेत्रों में कृषि की संभावनाएं उजागर करते हुए सरकार द्वारा पलायन रोकने व खेती को बढ़ावा देने के लिए संचालित योजनाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्राप्त सुझावों के आधार पर आयोग जून माह तक केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर की समस्याओं का समाधान भिन्न–भिन्न स्तरों पर सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से विकसित भारत के निर्माण में सहभागिता का आह्वान किया।
इसके बाद श्री पूर्णानंद तिवारी राजकीय इंटर कॉलेज चाफी में ग्रामीणों, महिलाओं व जनप्रतिनिधियों से बैठक कर क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान इंटर कॉलेज परिसर में विभिन्न विभागों व सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टालों का निरीक्षण कर टीम ने स्थानीय उत्पादों की जानकारी प्राप्त की।

<u>ऑपरेशन सिंदूर</u>

उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड ने छात्रों को सेना के शौर्य से अवगत कराने के लिए ''ऑपरेशन सिंदूर'' को पाठ्यक्रम में शामिल करने का फैसला किया है। इससे 50 हजार से ज्यादा मदरसा छात्रों को भारतीय सेना के पराक्रम की जानकारी मिलेगी। प्रदेश सरकार और विशेष रूप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर मदरसों के छात्रों को देशभक्ति और सेना के शौर्य से जोड़ने के लिए मदरसा बोर्ड ने एक अहम कदम उठाया है। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती समून काशमी ने बताया कि अब राज्य

के मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को भारतीय सेना के बहादुरी भरे अभियान 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में पढ़ाया जाएगा।

## भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो– बी.आई.एस देहरादून शाखा कार्यालय की ओर से महिला एवं बाल विकास विभाग, देहरादून में भारतीय मानकों पर आधारित एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम व कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बीआईएस के निदेशक सौरभ तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्य स्पष्ट किए। उन्होंने बताया कि भारतीय मानकों की जानकारी और उनका प्रभावी अनुप्रयोग आमजन के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में सहायक होता है।

इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक डॉ. प्रशांत आर्या ने भारतीय मानक ब्यूरो की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि विभाग के कर्मचारियों को इस तरह की जानकारी से न केवल अपनी सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने में सहायता मिलेगी, बल्कि वे उपभोक्ताओं को भी सही मार्गदर्शन दे सकेंगे। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने विभाग से संबंधित महत्त्वपूर्ण भारतीय मानकों जैसे– पोषण, सुरक्षा, बाल उत्पादों के गुणवत्ता मानकों और सेवाओं में गुणवत्ता नियंत्रण जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## समाज कल्याण समीक्षा

समाज कल्याण अनुश्रवण समिति के उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल  ने चम्पावत में जिले में समाज कल्याण योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली और इनका लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध ढंग से पहुँचाने के निर्देश दिए। उपाध्यक्ष ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि शत–प्रतिशत पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित तौर पर शिविर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही विभाग के रिक्त पदों को शीघ्र भरने को कहा।

## विशेष संवाद

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ की अध्यक्षता में देहरादून में महिला पुलिस कर्मियों के साथ एक विशेष ओपन हाउस सेशन का आयोजन किया गया। इस संवाद कार्यक्रम में सब–इंस्पेक्टर से लेकर पुलिस महानिरीक्षक स्तर की महिला अधिकारियों ने भाग लिया। यह पहला अवसर था जब महिला पुलिसकर्मियों के साथ इस प्रकार की खुली परिचर्चा की गई, जिसमें ड्यूटी के दौरान आने वाली चुनौतियों, कार्यस्थल की कठिनाइयों, करियर विकास के अवसरों और मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। सत्र के दौरान महिला कर्मियों ने अपने अनुभव साझा किए और व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिये रचनात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए।

पुलिस महानिदेशक ने इस अवसर पर कहा कि राज्य की महिला पुलिस अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें साइबर सेल, एसटीएफ, एसओजी, नारकोटिक्स जैसी महत्वपूर्ण इकाइयों में सक्रिय भूमिका

दी जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं के लिए लचीली कार्यनीति, सहयोगी कार्य वातावरण और मजबूत समर्थन तंत्र की स्थापना आवश्यक है, ताकि वे बेहतर प्रदर्शन कर सकें।
कार्यक्रम में महिला कर्मियों की समग्र विकास के लिए फिटनेस, योग, खेल–कूद जैसी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और नवीन तकनीकों से जुड़ा प्रशिक्षण देने पर भी विचार–विमर्श किया गया।

## पंजीकरण प्रक्रिया

उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता– यूसीसी के तहत पंजीकरण प्रक्रिया को तेज़ी से संपन्न कराने के उद्देश्य से देहरादून के डोईवाला और हरबर्टपुर नगर पालिका क्षेत्रों के सभी वार्डों में विशेष पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने इस कार्य की निगरानी के लिए दोनों नगर पालिका परिषदों के अधिशासी अधिकारियों को नोडल अधिकारी नामित किया है।
डोईवाला नगर पालिका के मिशरवाला, आर्यानगर, कन्र्हावाला, बारूवाला, बिचली जौली और स्वामी रामनगर वार्ड में आज पंजीकरण शिविरों का आयोजन किया गया है। जौलीग्रांट, अथरोवाला–1, अथरोवाला–2, भानियावाला, केशवपुरी और राजीव नगर वार्ड में कल, जबकि त्रीघराट, खट्टा, नियमवाला और तेलीवाला में 23 मई को और कुर्कावाला, प्रेम नगर, चांदमारी और अंबेडकर नगर वार्ड में 24 मई को विशेष पंजीकरण शिविर आयोजित किए जाएंगे।
हरबर्टपुर नगर पालिका के बंशीपुर और आदर्श विहार वार्ड में कल, फतेहपुर पश्चिम और असानबाग वार्ड में 23 मई को, रामबाग और विवेक विहार वार्ड में 24 मई को, टी–स्टेट और आदर्श नगर वार्ड में 25 मई को तथा हरिपुर वार्ड में 27 मई को पंजीकरण शिविर लगाए जाएंगे।
जिलाधिकारी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अपने वार्ड में आयोजित शिविर में भाग लेकर यूसीसी पोर्टल पर अनिवार्य पंजीकरण कराएं।